प्रेस नोट थाना कटरा

शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट - सराहनीय कार्य 05.01.2025

थाना कटरा पुलिस टीम द्वारा उधार लिए रूपये न देने के बदले वादी के पुत्र का अपहरण करने वाले अभियुक्त को मय अपहृत की बरामदगी के किया गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तिलहर के कुशल निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक थाना कटरा के नेतृत्व में थाना कटरा पर दिनांक 03.01.2025 को वादी की लिखित तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 010/2025 धारा 140(3) BNS बनाम पप्पू पुत्र शबदर अली निवासी ग्राम वीरमपुर थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। जिसमे दि0 03.01.2025 को अभि0 साविर अली उर्फ पप्पू पुत्र शबदर अली निवासी ग्राम वीरमपुर थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर द्वारा वादी उपरोक्त के फोन पर बोला मेरे रुपये लोटा दो तुम्हारा लडका मेरे पास है। थाना कटरा पुलिस टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर संयुक्त कार्यवाही करते हुए बैगुल नदी पुल के नीचे से आज दिनांक 05.01.25 को समय करीब 01.08 बजे अभियुक्त साविर अली उर्फ पप्पू पुत्र शवदर अली निवासी ग्राम वीरमपुर थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर उम्र 45 वर्ष को मय वादी के अपहृत पुत्र के साथ मय एक अदद ई-रिक्शा गिरफ्तार किया। पूछताछ मे ज्ञात हुआ कि अभियुक्त साविर अली उर्फ पप्पू उपरोक्त द्वारा वादी उपरोक्त से अपने उधारी के रुपये लेने के लिए वादी के पुत्र का अपहरण किया था। अभियुक्त उपरोक्त को विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पूछताछ विवरण -

अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि वादी मुकदमा ने मुझसे करीब 03 माह पूर्व ढाई लाख रुपये उधार लिये थे मैने कई बार अपने रुपये मागे लेकिन मेरे रुपये नही दिये। तब मैने दिनांक 03.01.2025 को कटरा चौराहा से मुकदमा वादी के पुत्र को पकड लिया था और वादी को उसके फोन पर उसके पुत्र के बदले रुपये मांगे थे।

गिरफ्तार अभियुक्तो का विवरणः-

साविर अली उर्फ पप्पू पुत्र शबदर अली निवासी ग्राम वीरमपुर थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर

अभियुक्तगणो का अपराधिक इतिहासः-

साविर अली उर्फ पप्पू पुत्र शबदर अली निवासी ग्राम वीरमपुर थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर

मु0अ0सं0 010/2025 धारा 140(3) BNS थाना कटरा जनपद शाहजहांपुर

बरामदगी का विवरणः-

1. एक अदद ई-रिक्शा
2. एक मोबाईल

गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण –

प्र0नि0 श्री जुगुल किशोर पाल थाना कटरा शाहजहाँपुर
अ0नि0 श्री अतुल कुमार थाना कटरा शाहजहाँपुर
का0 1901 आशीष कुमार थाना कटरा, शाहजहाँपुर
का0 2176 अक्षय थाना कटरा, शाहजहाँपुर